खास-खबरें

केबिनेट बैठक और मुख्यमंत्री के मण्डलेश्वर कार्यक्रम के लिए तैयारियां अंतिम चरण में

खरगोन। लोकमाता अहिल्या बाई की 300वीं जन्म जयंती के अवसर पर खरगोन जिले की धार्मिक एवं पर्यटन नगरी महेश्वर में 24 जनवरी को केबिनेट बैठक का आयोजन किया जाना है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव केबिनेट बैठक के बाद मण्डलेश्वर में आयोजित कार्यक्रम में 774 करोड़ रुपये की महेश्वर जानापाव उद्वहन सिंचाई योजना का शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव महेश्वर प्रवास के दौरान अहिल्या किले में राजगादी पर पुष्प अर्पित करेंगे और अहिल्या घाट पर मंत्री मण्डल के सदस्यों के साथ माँ नर्मदा का पूजन करेंगे तथा मण्डलेश्वर में माधव आश्रम, गौशाला में गौ पूजन करेंगे। कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा महेश्वर एवं मण्डलेश्वर में आयोजित कार्यक्रमों के लिए युद्धस्तर पर तैयारियां की जा रही है। इनमें मंत्रीगणों व वरिष्ठ अधिकारियों के महेश्वर आगमन एवं उनके ठहरने की व्यवस्था भी शामिल है। मण्डलेश्वर कार्यक्रम के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। महेश्वर के नर्मदा रिट्रीट में केबिनेट बैठक की तैयारियां भी अंतिम चरण में है।

83 वर्षीय वृद्ध ने आम के पेड़ पर लगाई फांसी

देवरी कलां। देवरी थाना क्षेत्र के ग्राम खतौला मेंअज्ञात कारणों के चलते रामचरण पिता दानसा प्रजापति उम्र 83 वर्ष ने नदी किनारे आम के पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है परिजनों की सूचना पर पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर शव का पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सौंप दिया है और मामले में मार्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

डॉ. तोमर का निधन

सेमरी हरचंद। नगर के स्वर्गीय डा. कमल सिंह के पुत्र यशपाल तोमर का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया है नगर के माने जान जाने माने डॉक्टर में से एक तोमर का अंतिम संस्कार सांगा खेड़ा नर्मदा तट पर किया गया श्री तोमर के निधन की खबर जैसे ही लोगों ने सुनी नगर में शोक की लहर फैल गई , 2 घंटे से अधिक सेमरी हरचंद बंद रहा नगर के गणमान्य प्रतिनिधि ,व्यापारी ,नेताओं ने शव यात्रा में शामिल होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतृप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए शोक जताया।

नवचंडी मेला 3 फरवरी से 3 अप्रैल तक होगा आयोजित

ग्यारह विषयों को लेकर महापौर की अध्यक्षता में मेयर इन काउंसिल की बैठक संपन्न

खंडवा।

खंडवा के विकास एवं अन्य विषयों को लेकर महापौर अमृता अमर यादव की अध्यक्षता में 12 विषयों को लेकर मेयर इन काउंसलिंग की बैठक संपन्न हुई। बैठक में महापौर अमृता अमर यादव, मेयर इन काउंसिल के सदस्य राजेश यादव, सोमनाथ काले, आशीष चटकेले, विक्की बावरे, अनिल वर्मा,उषा दिना पवार, फिरोजा रियाज मार्शल,आयुक्त प्रियंका उपायुक्त सचिन सिटोले के साथ ही निगम के अधिकारी उपस्थित थे।

समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि बैठक में स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग अंतर्गत सफाई व्यवस्थाओं को सुचारू बनाये रखने हेतु 28 अकुशल श्रमिक रखने हेतु प्रकरण चर्चा एवं निर्णय विषय को स्वीकृति प्रदान की गई। इस वर्ष से नवचंडी मेले हेतु आरक्षित भूमि, आरक्षित भूमि के बाहर वाला क्षेत्र जिसमें अस्थायी दुकाने तथा हाथ ठेले लगते हैं, मंदिर का आसपास का वह क्षेत्र जहां अस्थायी सशुल्क पार्किंग बनाई जाती है। नवचंडी सांस्कृतिक मंच तथा उसके सामने एवं दाएं तथा बाएं का खुला क्षेत्र जहां सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होता है एवं जहां अस्थायी पार्किंग बनाई जाती है (नजरी नक्शा एवं गूगल मैप की प्रति संलग्न), को ई-निविदा के माध्यम से उच्चतम बोली लगाने वाले निविदाकार को प्रतिवर्ष बसंत पंचमी के दिन से आगामी दो माह के लिए 3 फरवरी से 3 अप्रैल तक दो माह हेतु नवचंडी मेले के आयोजन के अधिकार की स्वीकृति के साथ दिए जाने की स्वीकृति हेतु प्रकरण चर्चा एवं निर्णय विषय को भी स्वीकृति प्रदान की गई।

राजस्व एवं बाजार विभाग अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत पशु पंजीयन वसूली ठेका देने हेतु ई-निविदा आमंत्रित किए जाने की स्वीकृति हेतु प्रकरण चर्चा एवं निर्णय विषय, राजस्व एवं बाजार विभाग अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत पशुवध (स्लॉटरिंग) वसूली ठेका देने हेतु ई-निविदा आमंत्रित किए जाने की स्वीकृति हेतु प्रकरण चर्चा एवं निर्णय विषय,राजस्व एवं बाजार विभाग अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत दाधिच पार्क वाहन पार्किंग वसूली ठेका देने हेतु ई-निविदा आमंत्रित किए जाने की स्वीकृति हेतु प्रकरण चर्चा एवं निर्णय विषय,राजस्व एवं बाजार विभाग अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत अस्थायी तरबूज दुकानों (अस्थायी भूमि) के आवंटन हेतु प्रकरण चर्चा एवं निर्णय विषय,राजस्व एवं बाजार विभाग अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत अस्थायी गन्ना चरखी (अस्थायी भूमि) के आवंटन हेतु प्रकरण चर्चा एवं निर्णय विषय,राजस्व एवं बाजार विभाग अंतर्गत निगम स्वामित्व की दुकाने जिनकी लीज अवधि समाप्त हो गई है के वर्तमान किराये में 15 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए लीज अवधि को 02 वर्ष 11 माह हेतु बढ़ाने जाने हेतु प्रकरण चर्चा एवं निर्णय विषय,

स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग अंतर्गत दिवंगत शासकीय सेवक श्रीमती सईदा पति नूर मोहम्मद, पदनाम-सफाई संरक्षक स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग झोन कमांक-06 की मृत्यु 15/11/2023 को होने उपरांत शासन नियमानुसार उनके परिवार की आश्रित सदस्य विधवा बहु श्रीमती शबनम बी पति स्व0 फिरोज शाह, निवासी सिंधावी-वार्ड नंबर 10, गली नं. 01, संत रैदास वार्ड, खण्डवा, मध्यप्रदेश को सफाई संरक्षक के पद पर अनुकंपा नियुक्ति प्रदान किये जाने की सक्षम स्वीकृति हेतु प्रकरण चर्चा एवं निर्णय विषय,स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग अंतर्गत दिवंगत शासकीय सेवक श्री रामसिंग मांगीलाल, पदनाम-वार्ड जमादार स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग झोन कमांक-06 की मृत्यु 14/04/2024 को होने उपरांत शासन नियमानुसार उनके परिवार की आश्रित सदस्य पुत्र श्री पवन मोहे पिता स्व. श्री रामसिंग मांगीलाल, निवासी-ग्राम-नागचून, खण्डवा को सफाई संरक्षक के पद पर अनुकंपा नियुक्ति प्रदान किये जाने की सक्षम स्वीकृति हेतु प्रकरण चर्चा एवं निर्णय विषय,स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग अंतर्गत ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पर निर्मित होने वाली खाद को 15 रूपये प्रति किलोग्राम की दर पर विक्रय करने की स्वीकृति हेतु प्रकरण चर्चा एवं निर्णय विषयों को स्वीकृति प्रदान की गई।

संविधान गौरव अभियान के तहत मेरा स्वाभिमान मेरा संविधान पर संगोष्ठी का आयोजन

भीकनगांव। भारतीय जनता पार्टी के संविधान गौरव अभियान के तहत जननायक टंट्या मामा महाविद्यालय भीकनगांव में मेरा संविधान मेरा स्वाभिमान विषय पर संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम का प्रारम्भ माँ सरस्वती और बाबा भीमराव अम्बेडकर जी के चित्र माल्यार्पण किया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चे के जिला अध्यक्ष सुन्दर जी बारसे ने बताया देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 26 नवम्बर 2015 को पहली बार भारत सरकार द्वारा संविधान दिवस संपूर्ण भारत में मनाया गया। सभी के लिए संविधान पवित्र एवं सर्वोच्च है तब से प्रत्येक वर्ष संविधान के सम्मान में संविधान दिवस मनाते आ रहे हैं। भारतीय संविधान की 75 वीं गौरवशाली यात्रा पर संसद के दोनों सदनों में विगत माह व्यापक चर्चा हुई। संविधान निर्माता, भारत-रत्न श्रद्धेय बाबासाहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के सम्मान में पंचतीर्थ के निर्माण के साथ-साथ अनेकों प्रेरणात्मक कार्य प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में संभव हुए हैं।

सोहागपुर ने कुश्ती कला को जिंदा रखा है:सांसद

सेमरी हरचंद। सोहागपुर ने कुश्ती कला को जिंदा रखा है इसके लिए आम दंगल कमेटी बधाई की पात्र है। जो इस आयोजन को करते आ रही है। उक्त बात क्षेत्रीय सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने स्थानीय जवाहर लाल नेहरू कालेज प्रांगण में दंगल कमेटी के मंच से कही। सांसद ने मेट पर पहुंचकर दंगल के पहलवानों के हाथ मिलवाए। इसी के साथ सांसद ने बरेली के अखाड़े को पुरुस्कृत किया। नगर में स्वर्गीय ठाकुर प्रताप भानु सिंह चौहान स्मृति 88 वे राज्य स्तरीय दंगल का आयोजन किया। गया था। जिसमें 50 से अधिक पहलवानों ने कुश्ती कला का प्रदर्शन किया।

आटों पलटा, आधा दर्जन घायल तीन जबलपुर रेफर

तेंदूखेड़ा।

मंगलवार को तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत दमोह तेन्दूखेड़ा मार्ग पर वन विभाग की डिपो के समीप एक तेज रफ्तार ई रिक्शा आटों वाहन अनियंत्रित होकर सड़क छोड़कर खाई में जाकर पलट गया इस हादसे में आधा दर्जन लोगों के घायल होने के साथ ही तीन लोगों को जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किए जाने का घटनाक्रम सामने आया है।

दरअसल मंगलवार को थाना क्षेत्र से तीन किमी दमोह मार्ग पर यह हादसा हुआ घटना की सूचना मिलते ही 108 के पायलट सुखदेव बेन डॉ विजय ठाकुर मौके पर पहुंचे और कुछ घायलों को उठाकर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए वहीं डायल 100 सहित पुलिस भी मौके पर पहुंची।

घटना के संबंध में मिली जानकारी ई रिक्शा क्रमांक एमपी 21 जीबी 5293 जो बैलढाना हरदुआ ग्राम से लोगों को बैठकर तेन्दूखेड़ा लेकर आ रहा था लेकिन रास्ते में अनियंत्रित होकर पलट गई इस हादसे में चतुर्भुज पिता रघुनाथ अहिरवार उम्र 35 वर्ष निवासी हरदुआ गुड्डी बाई पति कब्बू अहिरवार उम्र 45 वर्ष निवासी हरदुआ रुप रानी पति लक्ष्मण अहिरवार उम्र 50 वर्ष निवासी हरदुआ गुड्डी बाई पति केदालाल केवट उम्र 70 वर्ष निवासी बैलढाना कविता पति कमलेश केवट मता पति लखन केवट उम्र 35 वर्ष सीमा पति कमलेश केवट उम्र 30 वर्ष निवासी बैलढाना हादसे में घायल सभी एक ही ग्राम के निवासी हैं जो मंगलवार को तेन्दूखेड़ा के साप्ताहिक बाजार में सब्जी सहित अन्य सामग्री खरीदने के लिए आ रहे थे लेकिन रास्ते में हादसा हो गया।

वहीं ई रिक्शा चालक मौके पर भाग निकला है इस हादसे में गुड्डी बाई केवट रुप रानी अहिरवार ममता केवट को गंभीर और अंदरुनी चोटें आने पर जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है वहीं पुलिस ने ई रिक्शा आटों को जब्त करते हुए सुरक्षित रखवाया है पुलिस मामले की जांच कर रही है

झोपड़ी के पास संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव मिला, हत्या की आशंका

देवरी।

थाना अंतर्गत एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई,देवरी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बाजू में बनी झोपड़ी में रहने वाले कमलेश रैकवार 34 वर्ष का शव झोपड़ी के बाहर संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है जब कमलेश के भाई जगदीश रैकवार ने आकर देखा तो वह झोपड़ी के पास औंधे मुंह पड़ा हुआ मिला है उसके बाद पुलिस को सूचना दी गई पुलिस ने मौके पर पहुंचक शव का पंचनामा कर पोस्ट मार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया है वही घटना को लेकर मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है मृतक के भाई जगदीश रैकवार ने बताया कि घर के सामने मेरे मामा के लड़के रहते है जो रात में मेरे भाई कमलेश रैकवार उर्फ (गुल्लन)पिता करोड़ी रैकवार को गाली गलोंच कर रहे थे और जान से मारने की धमकी देकर घर में आग लगाने की बात कह रहे थे,सुबह हम लोग मछली मारने तालाब गए हुए थे जब सुबह ग्यारह बजे आकर देखा तो मेरा भाई झोपड़ी के पास औंधे मुंह पड़ा हुआ था ,मुझे लगता है की मेरे भाई को अनिल रैकवार, तुलसी रैकवार,लखन रैकवार, प्रदीप रैकवार, इन्हीं लोगों ने मिलकर मेरे भाई को मौत के घाट उतार दिया है वही इस मामले को लेकर देवरी थाना प्रभारी मिनेश भदोरिया ने बताया युवक का शव मिला है पंचनामा कार्यवाहि कर शव का पीएम कराया जा रहा है पीएम रिपोर्ट आने के बाद जो भी मामला होगा कार्रवाई की जाएगी।

विकसित भारत के संकल्प के साथ करेंगे ध्वजारोहण

बैतूल। जिले के शासकीय विभागों में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। प्रधानमंत्री सड़क परियोजना विभाग में आरके जैन, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग में एस एस मरकाम, लोक निर्माण विभाग पीआईयू में राकेश सार्वे, लोक निर्माण विभाग में प्रीति पटेल, जल संसाधन विभाग में विपिन वामनकर, विपणन विभाग में प्रदीप कुमार , मत्स्य विभाग में सहायक संचालक मत्स्य उद्योग कमलेश खरे, कृषि उपज मंडी समिति मुलताई में श्रीमती शीला खातरकर, खनिज विभाग में मनीष पालेवर, उप पंजीयक रजिस्ट्री बैतूल में सतीश धुर्वे, मध्य प्रदेश राज्य आजीविका मिशन में सतीश पवार ने हर घर तिरंगा फहराने की अपील की है।

विधानसभा स्तरीय भूपेन्द्र भैया ट्रॉफी टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

बांदरी। बांदरी में भी विधानसभा स्तरीय भूपेन्द्र भैया ट्रॉफी टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता 2025 का शुभारंभ हो गया। खेल मैदान पर नप अध्यक्ष विश्वनाथ सिंह ,मंडल अध्यक्ष अनिल पाराशर, सीएमओ प्रभुशंकर खरे व भाजपा नेता, जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में संयुक्त रूप से प्रतियोगिता का शुभारंभ फीता काटकर किया गया। खुरई विधानसभा के बांदरी मंडल में आयोजित इस प्रतियोगिता में क्षेत्र की सौ से अधिक टीमें भाग लेंगी। मालूम हो कि पूर्व गृहमंत्री व विधायक भूपेंद्र सिंह खुरई विधानसभा क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को उभारने प्रतिवर्ष खेल प्रतियोगिता आयोजित कराते हैं। प्रतियोगिता खुरई, बांदरी, मालथौन और बरोदियाकलां में एक साथ आयोजित कराई जाती है। प्रतियोगिता का पहला पहला मैच नगर परिषद बांदरी व भूपेंद्र भैया फैंस क्लब के बीच खेला गया जिसमें भूपेंद्र भैया फैंस क्लब विजयी रहा। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर सुरेंद्र सिंह, लोकेंद्र सिंह राजपूत ,इंद्राज सिंह ,महेंद्र यादव, रावराजा राजपूत सनत , रोहित, रामकिशन अहिरवार, अंजू राजपूत, नीलेश सराफ, राजू ठाकुर, जितेन्द्र सिंह के अलावा सभी पार्षद, मोर्चा अध्यक्ष, पदाधिकारी, कार्यकर्ता मौजूद रहे।

तीनों मार्केट की 179 दुकानों की आरक्षण प्रक्रिया संपन्न

बड़वाह। नगर पालिका ने चार पुराने बाजारों के जीर्णोद्धार और तीन नई दुकानों के निर्माण की योजना को आगे बढ़ाते हुए मंगलवार को 179 दुकानों की आरक्षण प्रक्रिया संपन्न की। सीएमओ कुलदीप किन्शुक की उपस्थिति में चिट्ठी निकालकर आरक्षण तय किया गया।

यह आरक्षण वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर किया गया है। वर्ष 2011 में बड़वाह नगर की जनसंख्या 26 हजार 459 है इसी अनुसार नगर पालिका की कुल जनसंख्या में एससी,एसटी वर्ग की जनसंख्या का जो अनुपात हो,उस अनुपात में इस वर्ग की दुकानों को आरक्षित किया गया है। नगर पालिका तीन नई जी-प्लस-टू मार्केट का निर्माण करेगी, जिन्हें शहीद सुखदेव, राजगुरु और भगतसिंह मार्केट का नाम दिया गया है। सुखदेव मार्केट में 30, राजगुरु मार्केट में 59 और भगतसिंह मार्केट में 57 दुकानें होंगी। इसके अलावा, बस स्टेशन रोड पर दो दुकानें और पुरानी सब्जी मंडी में 31 दुकानों का निर्माण होगा। आरक्षण के तहत 133 दुकानें अनारक्षित वर्ग को, 10 दुकानें अनारक्षित महिलाओं को, अनुसूचित जाति के पुरुषों को 11 और महिलाओं को 4, अनुसूचित जनजाति के पुरुषों को 4 और महिलाओं को 2, पिछड़ा वर्ग के पुरुषों को 9 और महिलाओं को 2, तथा दिव्यांग श्रेणी को 4 दुकानें आवंटित की गई।

कुनबी समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए हमें एकजुटता के साथ काम करना होगा:विधायक

भैंसदेही।

जिले के बहुसंख्यक क्षत्रिय लोणारी कुनबी समाज संगठन की भैंसदेही इकाई के अध्यक्ष वासुदेव धोटे ने 35 नवनियुक्त पदाधिकारियों ने एक साथ पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष वासुदेव धोटे और महिला संगठन की ब्लॉक अध्यक्ष पावस प्रमोद महाले के नेतृत्व में सचिव, सह सचिव, कोषाध्यक्ष, सह कोषाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, संगठन मंत्री सहित सभी पदाधिकारियों ने नवनिर्वाचित टीम के साथ कार्यभार संभाला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक चंद्रशेखर देशमुख ने समाज संगठन के नियमों के अनुसार नवनियुक्त अध्यक्ष वासुदेव धोटे सहित सभी पदाधिकारियों को पदभार ग्रहण कराया। उन्होंने सभी को निस्वार्थ सेवा, अंतिम छोर के व्यक्ति तक हक और सम्मान पहुंचाने और समाज को एकजुट रखने की शपथ दिलाई। पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष नरेश फाटे और प्रमोद महाले सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में छत्रपति शिवाजी महाराज और भगवान गणेश के समक्ष दीप प्रज्वलित कर

कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मंच पर अतिथियों का पुष्पमाला, शाल और श्रीफल भेंट कर स्वागत किया गया।

अपने संबोधन में विधायक चंद्रशेखर देशमुख ने कहा कि बैतूल जिले में कुनबी समाज बहुसंख्यक समाज है। हमें समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए एकजुटता के साथ काम करना होगा। उन्होंने बच्चों की शिक्षा, कृषि और समाज के विकास पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि समाज हित में किसी भी समय उनकी मदद की जरूरत हो, वे हमेशा तैयार रहेंगे। देशमुख ने कहा कि नवनियुक्त अध्यक्ष वासुदेव धोटे के नेतृत्व में बनी यह टीम समाज के हर वर्ग के लिए एक अमृत साबित होगी। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि अध्यक्ष को सहयोग कर समाज को मजबूत और गौरवशाली बनाएं।

सांस्कृतिक कार्यक्रम से सामाजिक एकजुटता का दिया संदेश: कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने माहौल को जीवंत बना दिया। उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों में बहादेव कुबडे, प्रमोद महाले, नितिन कुबडे, क्रेशर लोखंडे, मारोती बारस्कर, चंदभान बारस्कर, खासदेव सर, विनोद कनाठे, रमेश गीद, जयदेव लिखितकर, दिनेश चिल्हाटे, नारायण महाले, सुरेंद्र कनाठे, हनवंतराव पांसे, दिनेश वागद्रे, अनिल गीद, संदीप मगरदे और मनीष नावंगे सहित अन्य लोग शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन भैंसदेही के गुदगांव स्थित लिखितकर मैरिज लॉन में किया गया। समारोह में 35 गांवों और जिलेभर से समाज के लोग एकत्रित हुए और समाज की एकजुटता का परिचय दिया।

ईनीलामी सूचना

ऋणवसूली अधिकरण
भारत सरकार, वित्त मंत्रालय
वित्तीय सेवायें विभाग (बैंकिंग प्रभाग)
797–द्वितीय तल शांतिकुन्ज जबलपुर–(मप्र) 482001
Case No.:RC 202/2017/ओ.ए.नं. 316/2016
ई–नीलामी क्रमांक 17/2025

• M/S ENCORE ASSET RECONSTRUCTION COMPANY PRIVATE LIMITED वि. M/S VARENYAM ENTERPRISES (I) PVT. LTD. एवं अन्य में पारित वसूली प्रमाणपत्र क्रमांक RC No.RC 202/2017/ O.A.No.316/2016 में जारी राषि की वसूली हेतु प्रमाण पत्र Rs.2,83,20,368.00 (Rupees Two Crore Eighty Three Lakh Twenty Thousand Three Hundred Sixty Eight only) तथा उस पर 12.00 प्रतिषत वर्ष की दर से दिनांक 09.05.2016 से ब्याज एवं वसूली हेतु निम्नलिखित संपत्ति ऑनलाईन ई–नीलामी प्रक्रिया के तहत वेबसाईट https://www.bankeauctions.com के माध्यम से की जायेगी।

ई–नीलामी की तिथि एवं समय :-27-02-2025 दोपहरः 12.00 से 01.00

संपत्ति की अनुसूची

Diverted Piece of land bearing survey No. 176/2 and 176/3, situated at Village Palli, Tehsil- Bina, District - Sagar (M.P.), area admeasuring 0.59 hectares property in the name of M/s Varenyam Enterprises.

प्रारक्षित मूल्य :– रूपये Rs.55,60,000.00 (Rupees Fifty Five Lakh Sixty Thousand only)

विक्रय की शर्ते

1. इच्छुक निविदाकर्ता वैध डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र धारक होना चाहिए। अधिक विवरण हेतु M/s. C-1 India Pvt. Ltd., website:https://www.bankeauctions.com; Helpline No. 0124- 4302020/ 21/22/23/24, for help a bidder in e-auction contact to Mr. Mithalesh Kumar on Mob. No. 7080804466; E-mail id:- mpcg@clindia.com E-mail ID: support@bankeauction.com
2. इच्छुक निविदाकर्ता को सूचित किया जाता है कि निविदा जमा करने के पूर्व वेब साईट https://www.bankeauctions.com पे उपलब्ध नीलामी बीड प्रपत्र तथा विस्तृत नियमों व शर्तो का अवलोकन कर लें।
3. बिड केवल ऑनलाईन माध्यम से निर्धारित प्रपत्र पर पहचान पत्र की प्रति साथ संलग्न कर जमा करनी होगी (विस्तृत नियम व शर्तो का संदर्भ ले)।
4. अग्रिम जमा धरोहर राशि (ईएमडी) हेतु प्रारक्षित मूल्य की 10 प्रतिशत जो रूपये Rs.5,56,000.00 (Rupees Five Lakh Fifty Six Thousand only) है, RTGS/NEFT/MONEY TRANSFER द्वारा वसूली अधिकारी, ई–नीलामी खाता, ऋण वसूली अधिकरण जबलपुर के नाम से धारित Account no. 20020210000380 in the name of Recovery Officer, E-auction account, DRT Jabalpur with UCO BANK, NAVYUG COLLEGE BRANCH, JABALPUR.(IFSC Code:UCBA0002002) में आवश्यक रूप से जमा करनी होगी तथा उक्त राशि का प्रेषण बिड प्रपत्र में सुस्पष्ट रूप से उल्लेखित करना होगा।
5. निविदा ऑनलाईन माध्यम से दिनांक 25.02.2025 अथवा इसके पूर्व 17–00 बजे तक जमा करनी होगी।
6. ऑनलाईन माध्यम से जमा बिड प्रपत्र तथा अनुलग्न कों की प्रति वसूली अधिकारी, ऋण वसूली अधिकरण, 797– द्वितीय तल शांतिकुन्ज जयलपुर को प्रेषित करनी होगी तथा शीघ्र अति शीघ्र भेजने के लिए सर्विस प्रोवाइडर को सूचित किया जाता है और वह, सभी नीलामी के खरीददारों की सूची एवं अन्य दस्तावेज उपलब्ध करावें।
7. ऑनलाईन नीलामी बोली प्राप्त बिड में से अधिकतम बोली से प्रारंभ होगी तथा प्रत्येक बिड वृद्धि राशि न्यूनतम रू. Rs.60,000.00 (Rupees Sixty Thousand only) होगी। ऑनलाईन बिड में समय समाप्त के पूर्व बिड डालने पर स्स्टिम द्वारा अपने आप 5 मिनिट का समय बढता रहेगा।
8. असफल बोली कर्ताओं की अग्रिम धरोहर राशि (ईएमडी) वसूली अधिकारी, ऋण वसूली अधिकरण, जबलपुर द्वारा उसी खाते में वापिस की जायेगी, जिससे कि उस का भुगतान हुआ है तथा इस संबंध में कोई भी पूछताछ स्वीकार्य नहीं होगी। इच्छुक निविदा कर्ता द्वारा अग्रिम धरोहर राशि (ईएमडी) जमा किये जाने के पश्चात् वेजबतक असफल बोली कर्ता घोषित नहीं किये जाते तब तक ईएमडी राशि वापस नहीं ले सकते अन्यथा राशि जप्त करली जायेगी।
9. सफल बोली कर्ता को विक्रय उसके पक्ष में घोषित किये जाने की स्थिति में, 25 प्रतिशत बोली राशि (ईएमडी राशि को समायोजित करते हुए) अगले दिन RTGS/NEFT/MONEY TRANSFER के द्वारा कंडिका– 4 में उल्लेखित खाते में जमा करनी होगी।
10. सफल बोली कर्ता को विक्रय मूल्य की शेष 75 प्रतिशत राशि, एवं विक्रय मूल्य का 1 प्रतिशत पोन्डेज शुल्क तथा रू. 10 (प्रति संपत्ति अलग अलग) सहित नीलामी के 15 दिनों के अन्दर या यदि 15 वा दिन रविवार अथवा अन्य अवकाश हो तो, 15 वें दिन पश्चात् प्रथम कार्यालयीन दिवस को उपरोक्त उल्लेख्ति क्रमांक 4 में दर्शित खाते में समयावधि में भुगतान करना होगा। भुगतान में चूक करने पर संपत्ति की नई विक्रय उद्घोषणाजारीकरने के पश्चात् पुनः विक्रय की जायेगी। अधो हस्ताक्षर कर्ता द्वारा उक्त राशि शासन के पक्ष में जप्त करली जायेगी तथा तत्पश्चात विक्रय होने वाली संपत्ति अथवा राशि के किसी अंश पर चूककर्ता बोली कर्ता के समस्त दावे समपहृत होंगे।
11. संपत्ति ''जहां है जैसी है तथा बिना किसी शिकायत'' के आधार पर विक्रय की जायेगी।
12. संपत्ति का निरीक्षण दिनांक 18–02–2025 प्रातः 12 बजे से 16 बजे तक किया जा सकेगा।
13. संपत्ति प्रारक्षित मूल्य से कम मूल्य पर विक्रय नहीं की जायेगी।
14. वसूली अधिकारी को किसी बोली को स्वीकृत या अस्वीकृत करने का या बिना कोई कारण बताये नीलामी को आगे बढ़ाने या स्थगित करने का निर्बाध अधिकार होगा।
15. इच्छुक निविदाकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वे Mr. Sachin Kumar, Senior Executive, Mob. No. 9873181249 में उपलब्ध संपत्ति के स्वत्वाधिकार विलेख का निरीक्षण करले तथा संपत्ति की पहचान एंव विवरणी सही होने तथा प्रभारों आदि की पड़ताल कर ले। इस संबंध में वसूली अधिकारी किसी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा। संपत्ति का विवरण बैंक द्वारा प्रदत्त दस्तावेज पर आधारित है।
16. ई–नीलामी के संबंध में विवरण M/s. C-1 India Pvt. Ltd., website: https://www.bankeauctions.com; Helpline No. 0124-4302020/21/22/23/24, for help a bidder in e-auction contact to Mr. Mithalesh Kumar on Mob. No. 708080446; E-mail id:- mpcg@clindia.com or E-mail ID: support@bankeauction.com
17. संपत्ति से संबंधित अधिक जानकारी Mr. Sachin Kumar, Senior Executive, Mob. No. 9873181249 से प्राप्त की जा सकती है।
18. इच्छुक निविदाकर्ता ई–नीलामी प्रक्रिया में अपने स्वयं के कार्यालय/स्वेच्छा के स्थान से बोली हेतु सम्मिलित हो सकते है। प्रत्येक निविदाकर्ता द्वारा इंटरनेट कनेक्टीविटी स्वतः सुनिश्चित करनी होगी। डीआरटी/बैंक/सेवा प्रदाता किसी भी प्रकार से इंटरनेट कनेक्टीविटी, नेटवर्क समस्या, तंत्र विक्षेप, विघुत व्यवधान आदि के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

स्थानः–जबलपुर
दिनांक–03.01.2025

(प्रीति देसाई)
वसूली अधिकारी 2
Ms Priti Desai
Recovery Officer-II
Debts Recovery Tribunal
Govt. of India, Ministry of Finance
Jabalpur (M.P. & C.C. States)